हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

04 कलेक्टर ने खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों...



07 बारिश के बीच खेतों में कलेक्टर ने पहुंचकर...





**खबर संक्षेप**

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है।

### जिले में पिछले 24 घंटे मे 11.8 एमएम बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 11.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 11.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 52.5, आष्टा में 4, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 7, बुधनी में 8.3, रेहटी में 11.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 25 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 500.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 447.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिमी है।

# बस स्टैंड के पास तैयार हो रहा भाजपा का नया कार्यालय, राजमाता विजयाराजे सिंधिया और श्यामाप्रसाद मुखर्जी की लगेगी बड़ी तस्वीर

### जिलाध्यक्ष मेवाड़ा बोले-सप्ताह भर बाद यहां शिफ्ट हो जाएगा भाजपा का कार्यालय









हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी का नया कार्यालय शहर में ही तैयार किया जा रहा है। बस स्टैंड के पीछे बहावलपुरी समाज धर्मशाला में कार्यालय को लेकर बड़ी तेजी से तैयारियां की जा रही है। तैयारियों को देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि करीब सप्ताह भर में भाजपा का कार्यालय यहां शिफ्ट हो जाएगा। बता दें तत्कालीन जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में बीजेपी कार्यालय सीहोर-इछावर रोड पर स्थित था। गौरतलब है कि जिला भाजपा के पास निजी कार्यालय नहीं है। लंबे समय से भाजपा किराए के भवनों में कार्यालय बनाकर अपना काम चलाती आ रही है। हालांकि दावा किया जाता है कि बीजेपी के पास सीहोर-इछावर रोड पर स्वयं की जमीन है, जहां दो तीन बार भूमिपूजन की बात भी सामने आई है, लेकिन अब तक कार्यालय भवन निर्माण की शुरुआत नहीं हो सकी है। नतीजतन जिलाध्यक्ष बदलने के साथ ही बीजेपी कार्यालय का ठिकाना भी बदल जाता है।

### बस स्टैंड के पास हो रहा तैयार

तत्कालीन जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में बीजेपी कार्यालय सीहोर-इछावर रोड पर संचालित हो रहा था। यह कार्यालय शहर से दूर था तो जिले भर से आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को वहां तक पहुंचने में असुविधाओं का सामना भी करना पड़ता था। जिलाध्यक्ष पद में परिवर्तन के साथ ही कार्यालय स्थल में परिवर्तन हो रहा है। अब बस स्टैंड के पीछे बहावलपुरी समाज की धर्मशाला में कार्यालय स्थांनातरित होने जा रहा है।

### सप्ताह भर का लगेगा समय

बस स्टैंड के पीछे स्थित नवीन बीजेपी कार्यालय में तैयारियां जारी है। भवन में पर्याप्त जगह है तो जिलाध्यक्ष के लिए कैबिन भी रहेगा। सामने गाड़ियां पार्क हो सकेगी तो जिले से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए भी यह स्थल सुविधाजनक होगा। फिलहाल यहां तैयारियां की जा रही है। अंदर राजमाता विजयाराजे सिंधिया सहित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की बड़ी-बड़ी तस्वीर लगाई जा रही है। बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने बताया कि कार्यालय को तैयार होने व यहां शिफ्ट होने में सप्ताह भर का समय लगेगा।

# 90 वर्षीय किसान को हल में बैल बनकर जोतता देख भी सरकार नहीं साथ, किसान संघ ने बढ़ाया मदद का हाथ




सीहोर से 90 साल के किसान का दिल दहला देने वाला वीडियो

अमर सिंह कहते हैं जिंदगी ने हमें कोई विकल्प नहीं दिया

ट्रैक्टर के पैसे नहीं तो खुद ही जुत गया 'बूढ़ा' किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले से एक किसान का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। किसान खुद जुतकर हकाई कर रहा है। 90 साल के बुजुर्ग किसान का ये वीडियो अलग ही तस्वीर को बयां कर रहा है। करीब सात दशक पहले मदर इंडिया फिल्म में ऐसी ही तस्वीर सामने आई थी। ग्राम तज अमरोद के 90 वर्षीय किसान अमर सिंह के पास केवल तीन एकड़ जमीन है, आज भी अपने खेतों में खुद हल चलाते हैं। उनके पास न तो ट्रैक्टर है और न ही कोई आधुनिक कृषि उपकरण, लेकिन उनके हौंसले और मेहनत में कोई कमी नहीं है। बुजुर्ग किसान ट्रैक्टर, बैलगाड़ी नहीं होने के कारण खुद हल की तरह जुत गया है। अमर सिंह ⏩ शेष पेज 6 पर

**सीहोर।** जिले के ग्राम तज अमरोद के 90 वर्षीय किसान अमर सिंह मेवाड़ा की कहानी आज हर किसी का दिल पसीज रही है। सोशल मीडिया पर उनका खेत में हल जोतते वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अमर सिंह कमजोर हाथों और कांपती टांगों से खेत जोतते दिख रहे थे। उनके पास न ट्रैक्टर है, न ही बैल, फिर भी वह अपने खेत की बुवाई खुद कर रहे हैं। उनका कहना है, ३मेरे पास कोई विकल्प नहीं, बीमारी और गरीबी के बीच खेती कर परिवार चला रहा हूं। इस वीडियो को देखने के बाद राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार काका ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। हरिभूमि ने ट्रैक्टर के पैसे नहीं तो खुद ही जुत गया बूढ़ा किसान शीर्षक से किसान अमर सिंह की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद काका जी खुद अमर सिंह के घर पहुंचे और उनकी परिस्थिति देखी। उन्होंने घोषणा की कि किसान अमर सिंह यदि चाहेंगे तो उन्हें एक जोड़ी बैल और हल दिया जाएगा, या फिर खेत में हकाई करने वाली पेट्रोल मशीन दिलाई जाएगी ताकि बुजुर्ग किसान की मेहनत कुछ कम हो सके। काका जी ने कहा, "जब सरकार और नेता ऐसे किसानों की सुध नहीं लेते, तो किसान संघ ही इनके आंसू पोंछेगा। यदि बैंक वाले कर्ज मांगने आएं, तो किसान मुझसे कहे, मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा।" इस दौरान राष्ट्रीय किसान संघ के महामंत्री ओम रवि दंत, उपाध्यक्ष जितेंद्र ओम राजोरिया, समाजसेवी एमएस मेवाड़ा और कई ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बुजुर्ग किसान को मदद का भरोसा दिलाया।


**बीमारी और गरीबी से घिरा परिवार :** बुजुर्ग किसान ने बताया कि उन पर भारतीय स्टेट बैंक सीहोर शाखा का 90 हजार रुपये का कर्ज है। उनका बेटा गीता प्रसाद बीमार रहने के कारण खेत में काम नहीं कर सकता। 80 वर्षीय पत्नी भी बीमार रहती हैं और 60 साल की बहू अमंता बाई खेत में हल खींचते समय साथ देती हैं। तीन एकड़ सूखी भूमि में बिना सिंचाई के खेती करना उनके लिए बहुत कठिन हो गया है। घर कच्चा है, बारिश में पन्नियों से ढंका हुआ घर टपकने लगता है, जिससे अनाज भीग जाता है। अमर सिंह कहते हैं, "मैंने कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए, लेकिन अब शरीर जवाब दे रहा है।"

**फिर भी नहीं हारा हौसला :** कड़ी मेहनत और कमजोर शरीर के बावजूद अमर सिंह कहते हैं, "मैं अपने खून-पसीने की कमाई से ही परिवार पालूंगा, लेकिन किसी से भीख नहीं मांगूंगा। चाहे मेरी बाहें कांपे, पैर जवाब दें, गर्दन झुके, पर मैं रुकूंगा नहीं।"

### कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट के सामने दिया धरना, कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मूंग तुलाई में किसान न हों परेशान

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा को ज्ञापन।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के मुख्य अतिथ्य और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार डॉ.अमित सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों की उपज का तौल में काफी दिन लगाये जा रहे हैं। बारिश का मौसम होने के कारण किसानों की उपज ट्राली व अन्य साधनों में लाई गई उपज खराब तो हो ही रही है, साथ किसानों को भूखे-प्यासे रहकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ रहा है। प्रदेश में किसानों को शासन स्तर पर खाद पर्याप्त मात्रा में मुहैया नहीं कराए जाने से शासन की विफलता के कारण किसानों को प्रायवेट दुकानों से धड़ल्ले हो रही यूरिया खाद की काला बाजारी से महंगें दामों पर खाद क्रय करने के लिये विवश होना पड़ रहा है। वहीं किसानों को अमानक खाद का विक्रय भी किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। किसान भाईयों के प्रति शासन की अनदेखी से हो धड़ल्ले से हो रही कालाबाजारी के चलते किसानों अमानक व फफुंद नाशक दवाईयां महंगे दामों पर खरीदना पड़ रही हैं। जिससे किसानों की फसल अंकुरित नही हो रही है।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने आरोप लगाकर कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री किसानों के साथ सहानुभूति दिखाने का ढोंग करते हैं जबकि उनके गृह जिले में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। किसानों को अमानक खाद बेचा जा रहा है, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। यहां तक कि किसानों की उपज का तौल समय पर नहीं हो रहा है। खरीदी व्यवस्था में जमकर धांधली हो रही है। सरकार किसानों के साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है और जिन वादों को कर के भाजपा सरकार में आई वे पूरे नहीं किए जा रहे। किसानों को नकली फफूंद नाशक दवा विक्रय करने वाली उत्पादक कंपनी इस सीजन में किसानों को गहरा आर्थिक घाव दिया है।

### नकली बीज और कीटनाश से किसानों की फसल खराब


धर्मेंद चौहान ने कहा कि शासन की अनदेखी के कारण धड़ल्ले से अमानक दवाईयों महंगे दामों पर किसानों को बेची जा रही है जब किसानों ने दवा मिलाकर बोवनी की, लेकिन सोयाबीन बीज अंकुरित नहीं हुआ ओर फसल नष्ट हो गई। कई किसानों की फसल बर्बाद हुई है उनमें से कुछ ने आधे में मक्का लगा दी है तो किसी ने खेत पर जाना ही छोड़ दिया है। खेत में फैलने के असर से जो दोबारा फसल बोई है वह भी ग्रोथ बहुत धीमी गति से कर रही है। इसमें छोटे के साथ बड़े काश्तकार भी शामिल हैं। सरकार की नाकामी के कारण हो रही कालाबाजारी से किसानों को के समक्ष आर्थिक संकट गहरा रहा है, साथ ही किसानों की फसल बर्वाद हो गई है, जिससे किसान काफी परेशान है। कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि प्रदेश सरकार द्वारा समय रहते त्वरित किसान हित में उचित कदम नहीं उठाये गए तो कांग्रेसजन आगामी दिनों में किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रदेश सरकार की होगी।

**धरना प्रदर्शन में यह रहे मौजूद :** इस मौके पर सहप्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, कमल सिंह चौहान, गणेश तिवारी, निशांत वर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर, विवेक राठौर, गुलाब बाई ठाकुर, कमलसिंह, नईम नवाब, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेंद्र वर्मा, रमेश गुप्ता, राजाराम बड़े भाई, पवन राठौर, देवेंद्र चौधरी, राजेश भूरा यादव, सीताराम भारती, देवी सिंह थरोल, घनश्याम जांगड़ा, गोपाल शर्मा, संजीव अग्रवाल, संजय मालवीय, मजीद अंसारी, नरेंद्र खंगराले, मुकेश गड़ोदिया, महेश मुंदीखेड़ी, देवेंद्र बोरदी, रामनारायण शर्मा, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, ममता कीर, आरती खंगराले, मुकेश ठाकुर, कमलेश चांडक, जितेन्द्र सोभाखेड़ी, राजेंद्र यादव, राजकुमार मालवीय, ऋषि पटेल, महेंद्र ठाकुर, धीरेंद्र ठाकुर, गजराज परमार, तनिष्क त्यागी, राहुल गोस्वामी मौजूद रहे।

### 50 प्रतिशत से कम राशि जमा करवाने को राजी नहीं बिजली कंपनी

# स्मार्ट मीटर ने दिखाया 'स्मार्ट काम', ऑटो कट होने से गुल हुई 40 घरों की बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में लगाए गए स्मार्ट मीटरों ने अपना काम दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार की रात शहर के नेहरू कालोनी में आटो कट से करीब 40 घरों की बिजली अपने आप ही गुल हो गई। लोगों ने घंटे दो घंटे बिजली आने का इंतजार किया, लेकिन जब बिजली नहीं आई तो लोग सक्रिय हुए और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर को समस्या से अवगत कराया। श्री राठौर के हस्तक्षेप के बाद कई घरों की बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। इधर शुक्रवार को भी लोग कटी लाइन जुड़वाने दिन भर बिजली कंपनी के दफ्तर के चक्कर काटते हुए नजर आए। गौरतलब है कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र में करीब बीते 3-4 महीनों से स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम जारी है। स्मार्ट मीटरों को लेकर शहर सहित अंचल में जबरदस्त प्रदर्शन हो रहा है तो मामला थाने तक भी जा पहुंचा। बावजूद विद्युत वितरण कंपनी किसी की भी सुनने को तैयार नहीं है और घरों में बदस्तूर स्मार्ट लगाए जाने का सिलसिला जारी है। इधर स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली उपभोक्ताओं को जिस बात का अंदेशा था, वह अब सामने भी आने लगा है। गुरुवार की रात शहर के मध्य नेहरू कालोनी में बिजली बिल की राशि जमा नहीं हो पाने की वजह से करीब 35-40 घरों की बिजली ऑटो कट हो गई। इधर गुरुवार को अमावस्या थी, जिसकी वजह से क्षेत्र में पूरी तरह से अंधेरा पसर गया। घरों से बच्चों के रोने की आवाजें आने लगी तो लोगों में चिंता का माहौल देखा गया।

### नपाध्यक्ष को बताई परेशानी

नेहरू कालोनी निवासी कालू शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में गुरुवार शाम करीब 6 बजे अपने आप करीब 35-40 घरों में ऑटो कट से बिजली गुल हो गई। घंटे दो घंटे बिजली आने का इंतजार किया, लेकिन नहीं आई तो क्षेत्रवासी सक्रिय हुए। मोहल्ले वालों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को मोबाईल के माध्यम से परेशानी से अवगत कराया। इसके बाद क्षेत्र में कई घरों की बिजली आ सकी। जिन घरों में बिजली नहीं आई, वह शुक्रवार को बिजली कार्यालय पहुंचे।

**महीने भर का आया 4 से 9 हजार बिल:** नेहरू कालोनी के बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक महीने का बिल 4 से 9 हजार तक आया है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में ज्यादातर निम्न-मध्यम वर्ग के लोग निवास करते हैं। यह राशि उनके लिए बहुत बड़ी है। इतनी भारी भरकम राशि एक बार जमा करना मुश्किल है। शुक्रवार को बिजली कंपनी के अधिकारियों से कुछ राशि लेकर बिजली सप्लाई सुचारू करने की गुहार लगाई, लेकिन अधिकारी नहीं मानें और वह 50 प्रतिशत राशि जमा करने की जिद पर अड़े रहे।

### नपाध्यक्ष ने जुड़वाए कनेक्शन

गुरुवार की शाम नेहरू कालोनी से कुछ लोगों का फोन आया था, जिन्होंने ऑटो कट से बिजली सप्लाई बंद होने की परेशान बताई थी। जिस पर तुरंत बिजली कंपनी के सहायक यंत्री अखिलेश सिंह से चर्चा की। उन्होंने कहा था कि 50 प्रतिशत राशि जमा होने पर सप्लाई चालू कर दी जाएगी, हालांकि उनसे कहा गया कि जो जितनी राशि दे रहा है, उतनी राशि लेकर बिजली सप्लाई सुचारू की जाए। कुछ देर बाद फिर नेहरू कालोनी से फोन आया, लोगों ने बताया कि बिजली आ गई है।

**प्रिंस राठौर,** नगर पालिका अध्यक्ष सीहोर

# गांव के नाले में मिला युवक का शव, नशे में नाले में गिरने से मौत होने की आशंका

### सड़क किनारे खुली हुई मिली चप्पल ने कराई युवक की पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील मुख्यालय से करीब तीन किमी दूरी पर गांव बोरखेड़ा कला के नाले में रात के समय एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची। मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला के रोज़गार सहायक भगवत पंवार ने भैरूंदा पुलिस को सूचना दी। अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में देखा गया। सूचना पर भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नाले से युवक के शव को बाहर निकाला। रहवासी को नाले के पास युवक की चप्पल खुली हुई मिली है।

इधर उधर देखने पर नाले में नज़र पहुंची तब युवक नाले में नज़र आया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भैरुंदा सिविल अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया था। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए बड़ी मशक्कत की। तब जाकर युवक की पहचान राजेश पिता बच्चू दुबे निवासी देवास उम्र लगभग 55 साल का होना बताया गया। वहीं मिली जानकारी पर राजेश पिता बच्चू दुबे अपने भांजे पवन शर्मा निवासी हल्ल्याखेड़ी तहसील भैरुंदा के घर आया हुआ था। ग्राम के स्थानीय रहवासी को सड़क किनारे खुली हुई मिलीं चप्पल से जानकारी लगी आसपास देखने पर नाले में नज़र घुमाई तो युवक पानी में उलटे मुंह दिखाई दिया। स्थानीय रहवासी से तत्काल ग्राम पंचायत के रोज़गार को सूचना दी। युवक की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची गई। स्थानीय लोगों का में चर्चा नशे की हालत में गिरने की संभावना जताई। युवक शव का मिलने से चारों तरफ सनसनी मच गई। मौके पर पहुंचे रोज़गार सहायक भगवत पंवार ने भैरूंदा पुलिस को सूचना दी एक अज्ञात व्यक्ति को नाले में देखा गया। जिसकी उम्र लगभग 55वर्ष बताई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से व्यक्ति का शव नाले से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई गई। तब युवक की पहचान राजेश पिता बच्चू दुबे देवास के रूप में हुई। भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

खबर संक्षेप



### 108 वेदीय विराट गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में 108 वेदिकाओं के साथ 1008 दीपों का प्रज्वलन कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर के इंग्लिशपुरा स्थित नूतन हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजन इस महायज्ञ में गायत्री परिवार और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर भोपाल के उपजोन प्रभारी आरपी हजारी, महेश विजयवर्गीय, सुरेश त्यगी, राजेन्द्र मोदी, रमिला परमार आदि ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वारा एवं गुरुदेव एवं वंदनीया माता के सूक्ष्म संरक्षण में मातृशक्ति संवर्धन वर्ष और दिव्य अखंड दीप की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया, इसका उद्देश्य विश्व शांति की कामना करना, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और लोगों को श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, नारी जागरण, संस्कार परंपरा और कन्या कौशल शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### उर्वरक, बीज व कीटनाशक विक्रय केंद्रों का किया जाए औचक निरीक्षण: कलेक्टर बालागुरु के

# कलेक्टर ने खाद-बीज की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने भैरूंदा जनपद के मूंग उपार्जन केंद्रों, उर्वरक विक्रय केंद्रों सहित अन्य कृषि व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा जनपद के विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों, डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र तथा निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा उपार्जन एवं वितरण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन, भंडारण और वितरण से जुड़ी समस्त गतिविधियों की निरंतर निगरानी रखें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसान को वास्तविक लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

भादाकुई स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि किसानों द्वारा बुक किए गए स्लॉट्स का समय किसी भी स्थिति में व्यर्थ न जाए। प्रत्येक किसान को उपार्जन के लिए निर्धारित समय पर ही उपार्जन किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर एफएक्यू मानकों के अनुरूप ही मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए और इस प्रक्रिया में कोई लापरवाही न हो। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल कांटे की सटीकता तथा बारदानों की उपलब्धता जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर मूंग विक्रय के लिए आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन के दौरान किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए।

#### उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

बालागुरू के. ने भैरूंदा क्षेत्र के निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, स्टॉक छिपाने अथवा जिले से बाहर अवैध रूप से उर्वरक एवं बीजों के स्थानांतरण करने पर कठोर कार्रवाई की जाए। ताकि जिले में उर्वरकों एवं बीज की कमी न हो और जिले के किसानों को समस्याओं का समाना नही करना पड़े।

#### डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. भैरूंदा स्थित डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र का निरीक्षण किया। डबल लॉक फर्टिलाइजर स्टॉक केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरकों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था, समय पर वितरण और गुणवत्ता की निगरानी के संबंध अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की मांग के अनुसार समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों की फसलें प्रभावित न हों।



# नगर की महिलाओं ने पौधरोपण कर मनाई हरियाली अमावस्या

**भैरूंदा।** हरियाली अमावस्या मौके पर नगर की महिला मण्डल ने पौधरोपण किया और उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महिलाओं ने बताया कि हरियाली अमावस्या प्रकृति संरक्षण का संदेश देती। इस मौके पर कई प्रजातियों के पौधे लगाकर इसकी रक्षा करने का संकल्प भी लिया।

इस दौरान राधिका जैमिनी ने कहा कि आज विकास के नाम पर पहली बलि पेड़ों की दी रही है। इसका कुप्रभाव हम आपदा के तौर पर भुगत रहे हैं।

आज के लगे पेड़ पौधे ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल रखेगी। प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण रखने धार्मिक क्रियाओं और स्वच्छ पर्यावरण के लिए एक पौधा जरूर लगाया चाहिए। रुजनखेड़ी भीलट भान देव स्थान के एवं शिव मंदिर पर नगर की वहनो ने वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षरोपण में कथा वाचक मुक्तामणि दीदी, राधिका जैमिनी (महिला समन्वय जिला संयोजिका रचना जाट, सुनीता पंवार, ऊषा दुवे, सरजू देवी सहित महिलाएं उपस्थित रहीं।



## नगर परिषद में स्वच्छता मित्र और दीदियों का किया सम्मान

**बुधनी।** हाल ही में नगर परिषद को राष्ट्रीय स्तर पर सुपर लीग 3 स्टार रेटिंग अवार्ड दिया गया है इस उपलब्धि पर नगर परिषद द्वारा सफाई मित्रों और एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। सामुदायिकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने सभी उपस्थित जनों को इस सफलता को लेकर शुभकामनाएं दीं भविष्य में इसी तरह से कीर्तिमान स्थापित करने की बात कही सभी सफाई मित्रों को शाल श्रीफल एवं पुष्प कुछ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया वहीं स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद आरती किशन मालवीय, ज्योति पंजाबी, रजनी हरदयाल सिंह आजाद, राखी कैथवास, धीरेंद्र तिवारी, कृष्ण मालवीय,विनोद शिवहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी,उपयंत्री अजीत तिवारी, आरएसआई जितेंद्र सिंह बघेल,सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, वार्ड सफाई प्रभारी अशोक जादोनी, रघुवीर बडगूजर एवं फीडबैक फाउंडेशन की टीम एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रकृति को बचाना है तो पेड़ अवश्य लगाना है: पारुल उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड इछावर के तत्वावधान में ग्राम विकास नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा नवांकुर सखी_हरियाली यात्रा के तहत ग्राम बांगनखेड़ा में हरियाली यात्रा निकाल कर सभा का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि इछावर थाना प्रभारी पंकज जी वाडेकर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पारुल उपाध्याय जी , भाजपा मंडल अध्यक्ष सोबाल सिंह ठाकुर जी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शंकर जायसवाल जी रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत विकास खंड समन्वयक बीलू भीलवारे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज वाडेकर द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा कर नशा ना करने एवं परिवार में किसी को ना करने देने की शपथ दिलाई । जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण करना बहुत जरूरी हे और प्रकृति संरक्षण के लिए पौधा लगाना और उन्हें बड़ा करना भी बेहद खास हे उसी उद्देश्य से प्रदेश भर मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकली जा रहे हे वहीं विकासखंड इछावर के सेक्टर दिवड़ीया के ग्राम बागनखेड़ा में नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है नवांकुर सखी योजना में स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण किया जाना हे नवांकुर सखी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश भर में चल रहा हे जिसमें नवांकुर सखियों को स्वैच्छिकता के आधार पर 11- 11 पौधे दिए जा रहे हे उन पौधे की देख भाल सभी महिलाएं एक पुत्र के समान करेगी और पर्यावरण को हरा भरा करने में सहयोग करेगी आने वाले समय में नवांकुर सखी को स्व रोजगार एवं अन्य गतिविधियों में भी जोड़ा जाएगा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाया गया ये अभियान घर घर पहुंच रहा हे कार्यक्रम सभा में मंडल अध्यक्ष सोबाल सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जैसवाल ने भी सभा को उद्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश परमार द्वारा एवं आभार नवांकुर के अध्यक्ष कार्यक्रम के आयोजक राजपाल परमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम की 100 से अधिक नवांकुर सखिया वरिष्ठ ग्रामीण जन सहित इछावर से सेवा निवृत्त वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल तिवारी नवांकुर संस्था से ओमप्रकाश मेवाड़ा , दिनेश जी वर्मा राजकुमार, रामस्वरूप, मानसिंह, जीवन, मोहन, आशा बाई, बाबूलाल, भोपाल सिंह नवांकुर संस्था के सदस्य, रामकृष्ण, हेमलता परमार, कपिल, राजाराम पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर ने राहगीर को कुचला: मौके पर मौत सीहोर पुलिस ने जब्त किया वाहन

**सीहोर।** रेहटी थाने के नर्मदा किनारे स्थित बाबरी गांव में एक तेज रफ्तार अवैध रेत से भरे डंपर ने राहगीर को कुचल दिया। हादसे में राहगीर भीमा रघुवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनजीटी की रोक के बावजूद नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन और परिवहन लगातार जारी है। यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कॉन्सोटियम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी फर्जी रॉयल्टी देकर नर्मदा नदी से अवैध रेत निकाल रही है। नदी से रेत निकालकर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बना दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन अवैध रेत डंपरों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नर्मदा किनारे के दर्जनों गांवों में हजारों डंपर अवैध रेत के ढेर लगे हैं। नदी से रोजाना हजारों नावों और पनडुब्बी मशीनों से बीच नदी के बहते पानी में अवैध खनन किया जा रहा है। आरोप है कि सीहोर जिला प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। रेत ठेकेदार अन्य जिलों की रॉयल्टी देकर सीहोर जिले से करोड़ों रुपए की रेत चोरी कर रहे हैं। रेत माफिया दिन-रात अवैध उत्खनन में लगे हैं और ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई उसका नाम भीमा रघुवंशी है। वह बाबरी गांव का रहने वाला था। पुलिस ने मामले में डंपर को जब्त कर लिया है और कार्रवाई जारी है।

## बुधनी एसडीएम व कृषि अधिकारियों ने किया मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार जिले में 7 जुलाई 2025 से 8 अगस्त 2025 ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति अनुसार पंजीकृत किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता की ही मूंग का उपार्जन करने के निर्देश दिए गए हैं। उपार्जित हो रहे मूंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से अधिकारियों द्वारा मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधनी एसडीएम श्री दिनेश सिंह तोमर, कृषि विभाग के उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय एवं सहायक संचालक अनिल कुमार जाट द्वारा संयुक्त रूप बुधनी क्षेत्र स्थित उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नीमखेड़ी स्थित इन्द्रा वेयरहाउस एवं रेहटी स्थित नित्या वेयरहाउस पर समिति प्रबंधक एवं गोदाम संचालक द्वारा अमानक गुणवत्ता (नॉन एफएक्यू) वाले मूंग की खरीदी की जा रही थी। जिसके संबंध में संबंधित समिति प्रबंधक एवं गोदाम संचालक को एफएक्यू खरीदी के लिए सचेत किया गया। इसके साथ ही उपार्जन एजेंसी एनसीसीएफ के अधिकरियों निर्देश दिए गए कि जिन स्टैक की क्वालिटी खराब है उनकी जांच की जाए।

## डिवाइडर से टकराई स्कूल बस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शुक्रवार को सेंट फ्रांसिस स्कूल की बस शाहगंज में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें कुछ बच्चों को चोंट आने की सूचना मिली है हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एक छात्र के घायल होने की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंट फ्रांसिस स्कूल की बस क्रमांक एमपी 05पी 0738 छात्रों को छोड़ने बकतरा की तरफ जा रही थी इसी बीच शाहगंज में हाई स्कूल के पास डिवाइडर से टकरा गई।

## बसपा संगठन मजबूत होगा तभी भाजपा को हराना संभव: कमलेश दोहरे

**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बहुजन समाज पार्टी कार्यलय सीहोर पर किया इसमें इछावर एवं सीहोर विधानसभा के पदाधिकारियों को सेक्टर एवं पोलिंग बूथ का निर्माण केसे करना है इसका प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे जोर प्रभारी बसपा सागर ने संगठन निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं कहा की भाजपा को हराना है तो संगठन मजबूत करो समर्पित एवं इमानदार कार्यकर्ता के दम पर जागरूकता और न झुकने न बिकने वाला समाज तैयार करो ,इस कार्यक्रम में विशिष्ट अनोखीलाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा सीहोर एन पी सागर जिला प्रभारी बसपा सीहोर संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर मा साकिर अली जिला उपाध्यक्ष बसपा सीहोर कार्यक्रम का संचालन नरसिंह भारती जिला महासचिव बसपा सीहोर ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा कमलेश दोहरे ने कहा कि हमने जिला कमेटी एवं विधानसभा सीहोर एवं विधानसभा इछावर की कमेटी के आए हुए पदाधिकारी को सेक्टर कमेटी बनाने के लिए दिशानिर्देश दिए और धनराज थरेले को जिला कार्य कारिणी सदस्य नियुक्त किया कहा कि हम मजबूत संगठन बनाकर जिले में नये कार्यकर्ताओ को पार्टी जोड़ने का काम करेंगे विशिष्ट अतिथि मा अनोखीलाल ने कहा कि विधानसभाओ में जो भी अन्याय अत्याचार हो रहे हैं उन सभी घटनाओं को इकट्ठा किया जा रहा और हम जिले एवं विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों को केडर देकर चारों विधानसभा में सेक्टर कमेटी तैयार कि जाएगी मा एन पी सागर ने कहा कि भाजपा कि सरकार के द्वारा जो योजनाये चलाई जा रही वह उनके पदाधिकारियों को ही उसका लाभ मिल रहा है और जनता परेशान हो रही है ज़िला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने कहा कि पूरे जिला सीहोर में गरीबों पर झूठे केस थानों में दर्ज किए गए हैं जिले गंजा सट्टा एवं शराब कि काला बाजारी हो रही है सीहोर बस स्टैंड कि दुकानों पर खुलेआम शराब पिलाई जाती लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती और जिले में ढाबो पर खुलेआम शराब एवं सट्टा लिखा जाता है कार्यक्रम उपस्थित कार्यकर्ताओं में सीहोर विधानसभा क्षेत्र से राधेश्याम सौलकी प्रभारी लक्ष्मीनारायण अहिरवार विस प्रभारी सीहोर धीरप अहिरवार विस अध्यक्ष सीहोर राजमल सौलकी धनश्याम जाटव विस सचिव थान सिंह विस कोषाध्यक्ष विधानसभा इछावर से लखनलाल बड़ोदिया विस प्रभारी बटनलाल गैलेरिया विस प्रभारी इछावर गेंदालाल सूर्यवंशी विस अध्यक्ष इछावर सरोज कुमार मालवीय विस सचिव कपिल मालवीय सुशील बड़ोदिया विस कोषाध्यक्ष इछावर मौजूद रहे।



### तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद चुनाव संपन्न

# 300 से अधिक विद्यार्थियों ने किया मतदान बच्चों में दिखा लोकतांत्रिक उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा


25जुलाई को नगर की अग्रणी संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल मे छात्र परिषद के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनावी प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें भारतीय लोकतांत्रिक एवं मतदान प्रणाली की व्यवहारिक समझ देना रहा। बच्चों ने संपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने प्रतिनिधियों का चयन किया, जिससे उनमें जिम्मेदारी एवं जनप्रतिनिधि चयन की अहमियत का बोध हुआ। विद्यालय के संचालक आर.बी. मालवीय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा बच्चों ने जिस अनुशासन और जागरूकता के साथ इस प्रक्रिया में भाग लिया, वह सराहनीय है। अपने चुने गए प्रतिनिधियों को जिम्मेदारीपूर्वक काम करने देना और स्वयं भी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, यही लोकतंत्र की सच्ची भावना है। इस आयोजन में स्कूल स्टाफ, शिक्षकों और छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनावी प्रक्रिया में नामांकन, प्रचार, मतदान व मतगणना – सभी चरण विधिवत रूप से संपन्न किए गए। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह अनुभव विद्यार्थियों को जीवनभर के लिए प्रेरणा देगा और उन्हें अच्छे नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शित करेगा।






खबर संक्षेप

### धार्मिक यात्रा से लौटने पर किया स्वागत



**आष्टा।** नगर में श्रावण मास के महा में पूरा नगर आस्थामय बन चुका है। बाबा भोलेनाथ के भक्तगण अलग अलग प्रकार से भक्ति में लीन हैं। इसी कड़ी में वरिष्ठ समाजसेवी शास्त्री स्कूल के प्रचार्य प्रेम नारायण शर्मा, हरि नारायण शर्मा अपनी वरिष्ठ टीम के साथ श्रावण मास में प्रमुख ज्योतिर्लिंग उज्जैन महाकाल, पावागढ़ कालिका देवी, द्वारकापुरी गुजरात, द्वारकाधीश, नागेश्वर महादेव, भगवान रणछोड़ के दर्शन कर ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के दर्शन के बाद प्राचीन शंकर मंदिर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के बाद सकल हिंदू समाज कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक दामोदर शर्मा, राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक संतोष शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा प्राचार्य, हरिनारायण शर्म आदि ने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की। इस अवसर पर शुभम कुशवाह, लखन सेन, मनोज कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, प्रतीक माहडीक आदि उपस्थित रहे कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने सभी को बधाई शुभकामनाएं दी।

### बाइक सहित सागौन की लकड़ी जब्त

**आष्टा।** सागौन की लकड़ी का अवैध कारोबार लगातार जारी है। रात के अंधेरे में बाइक और अन्य वाहनों से लकड़ी की सप्लाई हो रही है। बीती रात वन विभाग ने गश्त के दौरान बापचा-दौनिया मार्ग पर एक बाइक को पकड़ा। बाइक पर सागौन की लकड़ी लदी थी। आरोपी भागने में सफल हो गया। रेंजर नवनीत झा ने बताया कि तेज रफ्तार से आ रही बाइक को रोकने की कोशिश की गई। बाइक चालक भागने लगा। पीछा करने पर कुछ दूरी पर बाइक और लकड़ी छोड़कर खेतों के रास्ते फरार हो गया। बाइक पर बिना नंबर प्लेट लगी थी। बाइक से नौ नग सागौन की लकड़ी बरामद हुई। लकड़ी और बाइक की कुल कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है। वन अमले की कार्रवाई से सागौन तस्करों में खौफ नजर आ रहा है।

**परेशानी:** मुक्तिधाम तक रास्ता नहीं, कीचड़ से होते हुए निकाली शवयात्रा

# अंतिम यात्रा में भी सम्मान न मिल पाना अत्यंत शर्मनाक बात है: जिपं अध्यक्ष

ग्राम पंचायत सीहोद के अंतर्गत ग्राम चक्क में गांव की एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में ग्रामीणों को अत्यंत परेशानी होने की घटना ने जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने गंभीरता से लिया। जिपं अध्यक्ष ने तत्काल सभी जपं सीईओ को पत्र जारी करके जिलेभर के शमशानों के मौजूदा स्थिति को जानने जियो टेग फोटो मांग लिए हैं।

शव को जलाने के लिए टायरों का उपयोग



कीचड़ भरे रास्ते से शव यात्रा ऐसे निकली



विदिशा। ग्यारसपुर जनपद की पंचायत सीहोद के ग्राम चक्क में श्मशान तक कीचड़ से निकली अर्थी, टायर लगाकर करना पड़ा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीहोद पंचायत के चक्क गांव में शमशान तक पहुंचने रास्ता नहीं है और वहां पर टीनशेड भी नहीं। गुरुवार को कीचड़ भरे रास्ते खुचते हुए शवयात्रा निकाली गई और बरसते पानी में टायर लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा। यह दृश्य देख ग्रामीण बेहद दुखी हुए और सरकार से कम से कम अंतिम संस्कार के लिए तो साधारण व्यवस्था कराने की मांग रखी। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अंतिम संस्कार भी सम्मान से नहीं होने की घटना को शर्मनाक करार दिया है।

गांव के युवक जगदीश लोधी ने बताया कि सीहोद पंचायत अंतर्गत चक्क गांव है और यहां की आबादी करीब 500 है, लेकिन शमशान तक पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। कीचड़ भरे रास्ते से निकलना पड़ा। वहां पहुंचे तो टीनशेड नहीं। शव को जलाने के लिए गांव वालों ने अपने घरों की टीन लगाकर अस्थाई शेड बनाया। तब जाकर बरसते पानी में अंतिम संस्कार हो सका। चिता धुआं धुआं होती रही। इसके बाद टायर लगाना पड़े। यह दृश्य देख शोकाकुल परिजनों के साथ शवयात्रा में शामिल ग्रामीणजन भी दुखी होकर व्यथित हो गए। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने यह जानकारी लगते ही निर्देश दिए हैं कि 15वें वित्त सहित केन्द्र से प्राप्त राशि से मुक्तिधामों का कार्य कराएं। लेकिन प्रशासनिक कारणों से नहीं हो सका। पंचायत सचिव रामसिंह रघुवंशी का कहना है कि चक्क में मुक्तिधाम बनाया जा रहा था लेकिन किसी आपत्ति के चलते तत्कालीन तहसीलदार ने टीनशेड् का निर्माण रुकवा दिया था। इसलिए मुक्तिधाम नहीं बन सका।

## स्कूल में प्रार्थना के समय कराएं पीटी: विधायक

स्कूलों में 1359 साइकिलों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अब आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना के पूर्व संस्था के खेल शिक्षक विद्यार्थियों को कराएंगे पीटी, पीटी करने से शरीर मे स्फूर्ति आती है,वही स्वस्थ शरीर मन, मस्तिष्क के लिये पीटी जरूरी है। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री सायकल योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आष्टा के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित सभी अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के साथ पीटी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में जो योजनाएं,सुविधाए शुरू की उन विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिले इसके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है।

कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना के तहत विद्यालयों में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विद्यालयों में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क स्कूल ड्रेस, पुस्तके, मध्यान भोजन,निशुल्क साइकिल, सहित खेल सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है । मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करता हूं कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए अच्छी तरह से मन लगाकर अपने गुरुजीयो द्वारा पढ़ाई जाने वाली एवं बताई जाने वाली शिक्षा को ग्रहण करें और लक्ष्य तय कर लक्ष्य को प्राप्त कर देश के भविष्य के रूप में जिम्मेदार नागरिक बने और अपने विद्यालय का, अपने माता-पिता का,शिक्षकों का, अपने क्षेत्र का, जिले का, प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजाना अब स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व एवं स्कूल से छुट्टी होने के पूर्व पीटी कराई जाएगी ताकि बच्चों का स्वास्थ्यअच्छा रहे वे स्वस्थ रहे और स्वास्थ्य के साथ उनका शारीरिक बौद्धिक विकास भी हो।

हम विद्यालयों के अंदर पढ़ाई के साथ-साथ खेल सुविधाओं में भी वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं । जिन विद्यालयों में खेल सामग्री की, सुविधाओ की कमी है उन्हें भी दूर करने के प्रयास किये जा रहै है। आयोजित कार्यक्रम में जीवन सिंह मंडलोई, राय सिंह मेवाडा, सोनू गुणवान, गजराज मेवाड़ा, विशाल चौरसिया, तारा कटारिया, राकेश प्रजापति, विष्णु परमार, जितेंद्र सिठोलिया, अनिल श्रीवास्तव, तेज सिंह राठौर,बीईओ प्रमोद कुशवाह बीआरसी अजब सिंह राजपूत, संस्था प्रमुख महेंद्र सिंह मालवीय सहित अन्य सभी पदाधिकारी शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे विधायक के साथ सभी ने पौधरोपण किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की इस वर्ष आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में 1359 सायकलों का वितरण किया जायेगा। साइकिल पाकर आज विद्यार्थियों में काफी खुशी का माहौल नजर आया।

## निकाली नवांकुर सखी हरियाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा जिला सीहोर के सेक्टर मेना के ग्राम खड़ीहाट नवांकुर चयनित संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के ग्राम खड़ीहाट में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि मनोहर पटेल सरपंच विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी मुकेश राठौर महेश चंदेल कन्हैया लाल दरिया, गोकुल प्रसाद मंदिर पुजारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमौरा एंव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खड़ीहाट द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित 11-11 थैलियों का वितरण किया गया। 100 नवांकुर सखी इन बीज रोपित एवं अंकुरित थैलियों को परिवार के सदस्य के रूप में पोषित कर सुरक्षित स्थान पर रोपण कर पेड़ बनने तक उसकी देखभाल की जावेगी। ग्राम में नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम में भ्रमण कर पुनः शिव मंदिर मैं समापन की गई। यात्रा में सम्मिलित नवांकुर सखियों द्वारा भजन, कीर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए गए। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में नवांकुर संस्था के महेश चंदेल द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया ।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण में समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किये। पक्षियों पेड़ पौधों से लेकर प्रकृति की पूजा की जाती है। हमारे सारे त्यौहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं। हम सबको आज यह संकल्प लेना है कि हम हमारी धरती को फिर से हरा भरा करेंगे और आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित रखेंगे। भगवत शरण लोधी ने कहा कि नवांकुर सखियों के माध्यम से ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करेंगे साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, कुपोषण मुक्ति, पर्यावरण आदि विषयों पर आगे सभी को सहयोग करना पड़ेगा। ग्राम के विकास में नवांकुर सखियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से जो पौधे दिए जा रहे हैं उसे सुरक्षित स्थान पर लगाकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान देना है। कार्यक्रम उपरांत शिव मंदिर मंदिर में पौधारोपण किया गया।

### सम्यकदृष्टि बनें, जीवन सुधर जाएगा: मुनिश्री

**आष्टा।** मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहा कि आज लोग हर कदम पर मायाचारी कर रहे हैं। मायाचारी न करें। जिन लोगों ने दो प्रतिमा ली हैं, वे पंद्रह दिन तक पांच माला जपें। दो से अधिक प्रतिमा लेने वालों को कम से कम सात माला जपनी चाहिए। जिन्होंने प्रतिमा नहीं ली, वे भी माला अवश्य जपें। जीवन में कम से कम दो प्रतिमा जरूर लें। महाव्रती बनें और आत्म कल्याण करें। उन्होंने कहा कि सम्यकदर्शन दो प्रकार के होते हैं- निश्चय सम्यकदर्शन और व्यवहार सम्यकदर्शन। ज्ञानवान व्यक्ति स्वयं भी झुकते हैं और उनके सामने दूसरे भी झुकते हैं। सम्यकदर्शन देव, शास्त्र और गुरु के निमित्त से प्राप्त होता है। यही सर्वश्रेष्ठ है। सम्यकदर्शन के तीन भेद होते हैं। जो वीतराग, सर्वज्ञ और हितोपदेशी हैं, वही सच्चे देव हैं। जो इनमें से कोई नहीं, उसे सच्चा देव नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि सम्यकदृष्टि बनें। जागें। हम तो निमित्त बनकर भगवान की वाणी सुना रहे हैं। मनुष्य गति सर्वश्रेष्ठ है। जानवरों जैसे काम न करें। तभी मनुष्य जीवन शोभनीय है। अभव्य को सम्यकदर्शन नहीं होता। भव्य जीव को ही सम्यकदर्शन की प्राप्ति होती है।

## सार्वजनिक क्षेत्रों में नुक्कड़-नाटक, शार्ट फिल्म दिखाकर लोगों को किया नशे के प्रति जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया सुनिता रावत के मार्गदर्शन में अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर एवं थाना सिद्दीकगंज का पुलिस द्वारा कस्बा क्षैत्र में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत तिराहा अलीपुर, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति बालिका छात्रावास, नेताजी शुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास सिद्दीकगंज व आगनबाडी ग्राम कजलास, जावर तथा सार्वजनिक क्षैत्रो में नुक्कड-नाटक प्रस्तुत करके, शार्ट फिल्म, वीडियो, रील दिखाकर, फ्लेक्स, पोस्टर लगवाकर, पम्पलेट वितरित करके नशा मुक्ति शपथ एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम के दौरान अनुभाग आष्टा की पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं, स्टाफ, आगनबाडी एवं आशा कार्यकर्ता ,आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ तथा नशे से परिवार एवं समाज पर पडने वाले प्रभाव से अवगत कराया गया । नशा मुक्त जीवन यापन करने का संदेश दिया और स्लोगन लगवाये और समाज के हर व्यक्ति को नशे से दूर रहने लिये प्रोत्साहित करने का बताया गया। नशे की लत छुडवाने के लिये पुर्नवास केन्द्र व चिकित्सीय सहायता लेने की समझाईश दी गई। हेल्पलाईन नम्बरो 14446 की जानकारी दी गयी । नशा छोडने वाले व्यक्तियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्त समाज के निर्माण करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं, कॉलेज स्टाफ, आगनबाडी/ आशा कार्यकर्ता, आमजन, पत्रकार बन्धु सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## जगदीश्वरधाम महिला मंडल ने मनाया झूला उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हिंदू मान्यताओं के अनुसार श्रावण माह के पवित्र महीने के चलते जहां देशभर में श्रद्धालु शिव आराधना में विलीन है।वहीं देश भर के वैष्णव संप्रदाय के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का झूला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर के गंज स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में चल रहे झूला महोत्सव के तहत शुक्रवार को श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल ने भगवान वैकुंठनाथ का विभिन्न अलंकारों से मनमोहक श्रृंगार कर आकर्षक झूला सजाया और पूजा अर्चना की। मन्दिर में झूला महोत्सव में श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल सहित अन्य महिलाओं ने सावन का महिना घटाएं घनघोर, झूले राधा नन्द किशोर, झूला झूले रे बनवारी आई सावन की रिमझिम, हाय हाय भांग तुम्हारी में घोटत घोटत हारी,संज मत श्याम नगर लग जायेगी, तेरा किसने किया श्रृंगार, सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। झूला महोत्सव में आयोजित भजनों पर महिलाओ ने जमकर नृत्य किया। समस्त महिलाओ ने भगवान ठाकुर जी महाराज को झूला झुलाकर व धोक लगाकर आशीर्वाद लिया तथा खुशहाली की कामना की।

आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। झूला उत्सव कार्यक्रम में सभी महिलाए हरे परिधान व अलंकारों में सजी हुई थी महिलाओं ने इस दौरान विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का नैवेद्य श्रीकृष्ण को अर्पण किया।

इसी के साथ ही भगवान का श्रृंगार भी हरे अलंकारों से कर श्रावण की समृद्धिकारी हरितमा प्रकृति को नमन किया। पं महेंद्र पाठक ने बताया की भगवान श्री कृष्ण ने बाल्यकाल में सुमधुर आनंद पद दिव्य बाल लीलाएं की है। जिसमें एक झूला महोत्सव का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण के बालगोपाल स्वरूप श्रावण मास में झूले पर झूले थे। इसलिए यह महोत्सव श्रवण मास में मनाया जाता है। श्रावण मास में बाल गोपाल के झूले झूलते हुए स्वरूप के जो दर्शन करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

ग्राम पंचायत छतरी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मातृशक्ति पर्यावरण संरक्षण को करे प्रोत्साहित: पारुल उपाध्याय





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के ग्राम छतरी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक, प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक, दीनदयाल सिसोदिया, रतन सिंह, मनोज चतुर्वेदी, शिक्षक माध्यमिक विद्यालय छतरी, भगवान सिंह खजांची वरिष्ठ समाजसेवी, ज्ञान सिंह मेवाड़ा पूर्व सरपंच, कालूराम मेवाड़ा पूर्व सरपंच, ज्ञान सिंह कैलोदिया चेयरमैन सोसायटी, राधेश्याम वैरागी पुजारी मंदिर, सुमेर सिंह दांगी पटेल बरखेड़ा देवा द्वारा किया गया।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छतरी द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवांकुर सखी इन बीजा रोपित/अंकुरित थैलियों से पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उसकी देखभाल की जावेगी। ग्राम में नवांकुर सखियों द्वारा बड़े ही धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गयी। नवांकुर सखियों को सम्मान स्वरूप केसरिया पट्टी से सम्मानित किया गया एवं उपस्थित नवांकुर सखियों द्वारा कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। यात्रा में महिलाएं, ढोल मंजीरा सहित भजन, कीर्तन करती रही तथा पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाती रहीं। साथ ही मंदिर प्रांगण में सिंदूर एवं बादाम के पौधों का रोपण किया गया।प्रदीप सेंगर, विकासखण्ड समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि विकासखण्ड के पांचो सेक्टर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय ने कहा कि नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए म.प्र. जन अभियान परिषद की अभिनव पहल है। नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं स्वैच्छिकता के आधार पर स्थानीय महिला शक्ति द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। कार्यक्रम का संचालन रवि कुमार सोनी, आभार देवी सिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किया। नवांकुर् संस्था प्रभारी राकेश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम में अनिल सक्सेना, दिनेश अहोरिया, जितेन्द्र परमार,थान सिंह मीना, हिरदेश परमार, सुनील गोस्वामी, संतजन, नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ जवान का नगर आगमन पर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा छेत्र के छोटे से गांव धामन खेड़ा के रहने वाले मोहम्मद सलमान मंसूरी हाल ही मे सीआरपीएफ की ट्रेनिंग पूरी कर आष्टा पहुंचने पर नागरिकों ने दिल खोलकर स्वागत किया। इसी कड़ी मे जुमा की नमाज के बाद नूरानी मस्जिद के बाहर पेश इमाम मुजफ्फर साब के नेतृत्व मे स्वागत किया। इस अवसर पर पेश इमाम साब ने कहां कि हमारे बीच के सलमान मंसूरी ने मुश्किल हालत मे इस मुकाम को आपने जोश ओर जस्बे से हासिल किया। सलमान देश की खिदमत पूरी मेहनत के साथ करे। ज्ञात हो की जब सलमान लगभग दो वर्ष के थे तब पिता का साया सर से उठ गया था। 4 बहन भाइयो मे सलमान सबसे छोटे है। इस अवसर पर स्वागत करने वालो मे पेश इमाम मुजफ्फर कुरैशी, अबरार खां, मशरूर खान, अबरार भाई, नायब सदर पूर्व पार्षद इदरीस मंसूरी, नसीर खा मोहम्मद रसीद, मोहम्मद जावेद, सलमान मंसूरी, जाहिर मिया, होजेफा, पप्पू खां, चुर्री भाई, मेहबूब पठान, शमीम खां, अबरार खां, सिकंदर पठान, जमील खां, सईद भाई मेकांनिक, मोहसिन खान आदि लोग मौजूद थे।